रिफाइंड, पामोलिन और केमिकल से बना रहे थे नकली दूध, राजस्थान एमपी में सप्लाई; आगरा में कार्रवाई



**संसू, जागरण-खेरागढ़!** सावधान। आगरा के खेरागढ़ में नकली दूध तैयार करने के खेल का पर्दाफाश हुआ है। डेरी में बड़ी मात्रा में रिफाइंड, पामोलिन और केमिकल मिलाकर दूध तैयार हो रहा था। दो साल से तैयार हो रहे इस मिलावटी दूध की सप्लाई आगरा के साथ ही राजस्थान और मध्यप्रदेश में भी की जा रही थी।

डीएम के निर्देश पर खाद्य विभाग व औषधि विभाग की टीम ने रविवार रात बसई नबाब रोड पर स्थित एक डेरी पर छापा मारा। टीम ने मौके से 5300 लीटर केमिकल युक्त दूध पकड़ा। नमूना संकलन के बाद उसे नष्ट कराया। डेरी संचालक समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-milk-was-being-prepared-from-refined-palmolin-and-chemicals-5300-liters-destroyed-40035489.html